दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़

# आज से दिखेगा चक्रवात 'डाना' का असर, गिरिडीह बोकारो में येलो अलर्ट जारी

- 24-25 अक्तूबर को राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश व तेज हवा का अनुमान
- 26 अक्तूबर को भी राज्य के दक्षिणी-पश्चिमी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश का अनुमान

**वरीय संवाददाता, रांची/बोकारो**

झारखंड में चक्रवात 'डाना' का असर बुधवार से दिख सकता है. राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है. सबसे अधिक असर गुरुवार और शुक्रवार को हो सकता है. इसको लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 24 अक्तूबर को राज्य के दक्षिणी-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश हो सकती है.

**बाकी पेज 15 पर**

## कहां-कहां हो सकता है असर

**23 अक्तूबर :** बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, रांची, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, रामगढ़, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज (आंशिक असर, येलो अलर्ट)

**24 अक्तूबर :** बोकारो, गिरिडीह, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, रांची, खूंटी, हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ (सभी जिलों में येलो अलर्ट), पूर्वी सिंहभूम, प. सिंहभूम और सरायकेला-खरसांवा (ऑरेंज अलर्ट)

**25 अक्तूबर :** लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, रांची, खूंटी, रामगढ़ (येलो अलर्ट), प सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा और पूर्वी सिंहभूम (ऑरेंज अलर्ट)

## चक्रवाती तूफान के कारण रद्द रहेंगी कई ट्रेनें

**धनबाद.** रेलवे ने 'डाना' की आशंका को देखते हुए कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है. 12802 नयी दिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 23 को, 12816 आनंद विहार-पुरी नंदनकानन एक्सप्रेस 24 को, नयी दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी (वाया-मुरी, 22824) 23 अक्तूबर को, भुवनेश्वर-नयी दिल्ली राजधानी (वाया-मुरी, 22823) 25 अक्तूबर को रद्द रहेगी. हटिया-पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस (18451), पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस (18452), भुवनेश्वर-धनबाद गरीब रथ एक्सप्रेस (02832) और धनबाद-भुवनेश्वर गरीब रथ एक्सप्रेस (02831) 24 अक्तूबर को रद्द रहेंगी. वहीं, पुरी-आनंदविहार टर्मिनल एक्सप्रेस (वाया-मुरी, 12875) 25 अक्तूबर को रद्द रहेगी.